रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 3 नवम्बर, 2025
वर्ष 01 | अंक 272 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे





# जमीन में निवेश

## बढ़ता फार्म हाउस का ट्रेंड

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग सिर्फ घर या फ्लैट नहीं, बल्कि सुकून और निवेश का संतुलन खोज रहे हैं। यही कारण है कि अब फार्म हाउस का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। पहले जहाँ लोग शहरों में फ्लैट, रो-हाउस या अपार्टमेंट को निवेश का बेहतर विकल्प मानते थे, वहीं अब ध्यान गांवों, प्राकृतिक इलाकों और हरियाली से घिरे फार्म हाउस प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रहा है।

### क्यों बढ़ा फार्म हाउस में निवेश का आकर्षण

1. रिटर्न ज्यादा, मेंटेनेंस कमः शहर के फ्लैट और रो-हाउस में किराया तो सीमित होता है लेकिन खर्चे अधिक- मेंटेनेंस, सोसायटी चार्जेस और टैक्स। वहीं फार्म हाउस को आप वीकेंड रेंटल, इवेंट स्पेस या रिट्रीट के रूप में किराये पर देकर बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं।

### 2. डबल बेनिफिट उपयोग + इनकम

फार्म हाउस में निवेश करने वाला व्यक्ति इसे खुद के उपयोग के लिए भी रख सकता है-परिवार के साथ छुट्टियाँ बिताने, खेती या ऑर्गेनिक गार्डनिंग के लिए। और जब खुद उपयोग न हो, तो रेंट पर देकर महीने का स्थायी रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है।

3. प्रॉपर्टी वैल्यू में तेजी से वृद्धि

इंदौर-खंडवा रोड, महेश्वर, ओंकारेश्वर जैसे क्षेत्रों में फार्म हाउस प्रोजेक्ट्स की वैल्यू हर साल 20% तक बढ़ रही है। जमीन का रेट लगातार ऊपर जा रहा है क्योंकि शहर की सीमाएँ बढ़ती जा रही हैं।

4. प्रकृति के बीच आधुनिक जीवन

आज के युवा और प्रोफेशनल वर्ग "वर्क फ्रॉम फार्म" की ओर बढ़ रहे हैं-जहाँ हरियाली, स्वच्छ हवा और शांति मिलती है। यही कारण है कि फार्म हाउस अब लक्जरी नहीं, लाइफस्टाइल बन गया है।



फार्म हाउस बनाम शहर का फ्लैटः रिटर्न की तुलना

निवेश विकल्प
औसत रिटर्न/माह वैल्यू ग्रोथ (5 वर्ष) मेंटेनेंस
शहर का फ्लैट
10,000–15,000 15–20%
अधिक
रो हाउस
15,000–20,000 20–25%
मध्यम
फार्म हाउस
25,000–70,000 40–60%
न्यूनतम

निष्कर्ष- जमीन में निवेश हमेशा से सबसे सुरक्षित और स्थायी माना गया है। लेकिन अब यह केवल एक डेड एसेट नहीं रहा। सही लोकेशन पर लिया गया फार्म हाउस आज इनकम जेनरेटिंग प्रॉपर्टी है-जो न सिर्फ मन को सुकून देता है बल्कि निवेशक के भविष्य को भी सुरक्षित बनाता है। इसलिए कहा जा सकता है-"शहर की दीवारों से बेहतर है प्रकृति की गोद में निवेश।"

# मध्यप्रदेश के इंदौर ग्रीन पार्क में निकाह कुबुल है के साथ निकाह सम्मेलन संपन्न हुआ



**खुशबू श्रीवास्तव,**

इंदौर मंसूरी समाज 53 गोत्र एजूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शरीफ़ मंसूरी गुडडू भाई ने बताया की दिनांक 2,11,2025, को एक दिवसीय निकाह सम्मेलन आयोजित किया गया इसमे 11 जोडो के निकाह कुबुल हुऐ सभी को जरुरी घरेलू सामान दिया गया निकाह की खास रस्म ओलेमा इकराम ने पूरी करवाई देश प्रदेश से खुसूसी मेहमान भी शामिल हुए मंच पर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया, स्वच्छता का विशेश ध्यान रखा गया। सभी को स्वच्छ पानी चाय नाशता खाना भी खिलाया गया पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए,वही समाजसेवी शादाब पटेल पार्षद रफीक खान का भी विशेष योगदान रहा वही समिति ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# महिला शक्ति की चमक

## भारत ने रचा इतिहास,पहली बार विश्व कप अपने नाम










**लेखक: गोपाल गावंडे**

आज भारतीय खेल जगत के इतिहास में सुनहरा अध्याय जुड़ गया। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन किया। यह सिर्फ खेल की जीत नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और नए युग की शुरुआत का प्रतीक बन गई है।

मैच का रोमांच

नवी मुंबई के स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की स्टार बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने 87 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि दीप्ति शर्मा ने 58 रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 5 विकेट लेकर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संयम और नेतृत्व का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया।

### इतिहास की नई सुबह

भारतीय महिला टीम की यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक है,पहली बार भारत ने महिला क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। यह जीत साबित करती है कि अगर अवसर मिले, तो भारतीय महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देशभर में लाखों बच्चियों के लिए यह प्रेरणा है कि सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए सिर्फ हिम्मत चाहिए।

### दुनिया की सराहना

**Microsoft के CEO सत्य नडेला ने ट्वीट करते हुए कहा**

"This is not just a win, it's the beginning of a new chapter for women's cricket."देशभर में सोशल मीडिया पर #WomenInBlue ट्रेंड कर रहा है। हर राज्य, हर शहर में लोगों ने आतिशबाज़ी कर टीम इंडिया का स्वागत किया।

### नारी शक्ति का प्रतीक

यह जीत केवल मैदान की नहीं, मानसिक और सामाजिक संघर्ष की भी जीत है। जिन लड़कियों ने कभी टेनिस बॉल से गली में खेलना शुरू किया था, आज वे विश्व मंच पर भारत का झंडा लहरा रही हैं। "ये जीत उन सभी बेटियों के नाम है जो हर दिन सपनों के लिए संघर्ष करती हैं।"

### निष्कर्ष

आज की यह जीत हमें याद दिलाती है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो सीमाएं मिट जाती हैं। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास लिख दिया है,अब यह सिर्फ खेल नहीं, एक आंदोलन है, महिला शक्ति, आत्मविश्वास और भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक।

## राजस्थान का तस्कर,10 लाख रुपए की स्मैक के साथ, गिरफ्तार



**दीपक परमार**

शिवपुरी-बैराड़ थाना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने राजस्थान के बारा जिले के एक तस्कर को स्मैक की सप्लाई देने आते समय गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 51.30 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा और एक बाइक सहित कुल 10 लाख 50 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। एसपी के निर्देश पर चल रहा थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने फुलीपुरा चौराहा, झिरी-शिवपुरी रोड पर घेराबंदी की। जेब से मिली स्मैक और तोलकांटा घेराबंदी के दौरान एक व्यक्ति काली हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (RJ28 SC4649) से आता दिखा, जिसे पुलिस ने रोककर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम हेमराज लोधा (46), निवासी ग्राम सेमला, थाना बापचा, जिला बारा, राजस्थान बताया। जितेंद्र प्रजापति को देना था माल तलाशी में उसकी जेब से 51.30 ग्राम स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह स्मैक बैराड़ निवासी जितेंद्र प्रजापति को 2800 रुपये प्रति ग्राम के भाव से बेचने जा रहा था। पहले भी कर चुका है सप्लाई हेमराज ने यह भी कबूल किया कि वह पहले भी कई बार जितेंद्र को स्मैक की सप्लाई कर चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त किए गए कुल माल की कीमत 10 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अब आरोपी से तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ जारी।

# पुलिस-जनता संवाद से बढ़ा

## आपसी भरोसा- नशे के विरुद्ध एकजुट हुई जनता



**विनोद चौहान**

थाना आजाद नगर क्षेत्र स्थित पालीवाल समाज धर्मशाला में आज दिनांक 02 नवंबर 2025 को पुलिस एवं जनता के मध्य जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर (नगर), श्री कृष्ण लालचंदानी, पुलिस उपायुक्त (जोन-1), श्री आलोक शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, तथा श्री रविंद्र बिलवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, आजाद नगर सहित थाना आजाद नगर पुलिस टीम उपस्थित रही। जन संवाद में मुसाखेड़ी, भील कॉलोनी, अभिषेक नगर, विराट नगर, मयूर नगर, आजाद नगर, पवनपुरी, रवि नगर, यादव नगर, चौधरी पार्क सहित क्षेत्र के रहवासी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संगठन के सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए पुलिस–जन सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। श्रीमान पुलिस उपायुक्त (जोन-1) कृष्ण लालचंदानी ने जनता से संवाद कर नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान में सहयोग की अपील की और जनहित में प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लिया। जन संवाद के दौरान शिकायत पेटी भी रखी गई, जिसमें नागरिकों ने गोपनीय रूप से अपनी शिकायतें एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा इस प्रकार के जन संवाद कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया।

इंदौर पुलिस द्वारा ऐसे जन संवाद कार्यक्रम पुलिस–जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता को और सशक्त बनाने हेतु समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## मुसाखेड़ी सब्जी मंडी में भाजपा नगर महामंत्री श्री कैलाश पिपले जी का स्वागत निक्की कटारे और नितिन चंदेल मित्र मण्डल द्वारा किया गया



आज मुसाखेड़ी सब्जी मंडी में भाजपा नगर महामंत्री श्री कैलाश पिपले जी का स्वागत निक्की कटारे और नितिन चंदेल मित्र मण्डल मुसाखेड़ी इन्दौर द्वारा किया गया इस स्वागत समारोह में बढ़ जड़ कर विधानसभा 5 के भाजपा कार्यकर्ता इस शुभ बेला पर मौजूद रहे , आतिशबाजी की गई ,मिठाई वितरित की गई , फूलमाला से स्वागत किया गया, अब डीजे लगाया गया , डीजे एन. जी.एन साउंड ने भव्य राम भजन बजा कर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ाया, भाजपा के नगर महामंत्री श्री कैलाश पिपले जी ने अपने संबोधन में बताया कि में कोई नेता नहीं आपके परिवार का सदस्य हु और मुझे जो भाजपा सरकार ने जिम्मेदारी दी है उसे में बखूबी निभाऊंगा आपको जब मेरी जरूरत हो तब आकर मिल सकते हो , चाहे व्यक्तिगत समस्या हो , या पार्टी संबंधित कोई कार्य हो में आपके लिए सदैव खड़ा रहूंगा ये वचन देता हु साथ में विधायक महेंद्र हार्डिया जी का धन्यवाद प्रेषित किया इस स्वागत कार्यक्रम में श्री निक्की कटारे, श्री नितिन चंदेल मुकेश सुखयानी जी राजकुमार जयसवाल जी रमेश सिंह तोमर साहब अजय महेश्वरी जी संजय अग्रवाल जी राहुल मेदा जी लक्ष्मी चंद्र भारती जी टीटू मात्रे जी सचिन ठाकुर जी श्री मनोहर ठाकुर,श्री बंशी भैया , श्री मुकेश सुख्यानी, श्री रमेश सिंह तोमर,चंकी कुमावत जी श्री गब्बर चौधरी जी राजकुमार उधानी जी श्याम शिंदे जी दिनेश तंबोली जी पंकज राठौड़ जी भेरू भैया नारायण सेठ जी ,अजय अग्निहोत्री जी संदीप शिशोदिया जी ओम गड़ावा जी मोनी डामोर जी तबरेज बब्लू कहा पावर जी शुहान पटेल जी विकाश राजोरिया जी बब्लू शर्मा जी वीरेंद्र शर्मा जी राजकुमार कदम जी रोशन चौहान जी विनोद जोशी, रमेश झिरवार,श्री राजू प्रजापत, श्री सोहन सोनकर , श्री दीपक राजोरिया जी , श्री भोला चौधरी,श्री रेम सिंह बघेल जी , श्री राजकुमार चौहान जी , शामिल हुए..!!

# जिला शिवपुरी पिछोर में बड़ी कार्रवाई



**दीपक परमार**

मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के परिवहनकर्ता गोविंद दास पाल पर खाद्यान्न खुर्द-बुर्द और अनियमितताओं के आरोप में एफआईआर दर्ज कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी की जनसुनवाई और एसडीएम ममता शाक्य के निर्देश पर हुई कार्रवाई। उचित मूल्य दुकानों को कम राशन देना, ओवरलोडिंग की मांग और समय पर आपूर्ति न करना बने कार्रवाई के प्रमुख कारण। धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज।

# लव जिहाद के खिलाफ खण्डवा कलेक्टर ऑफिस का घेराव प्रदर्शन किया

**खुशबू श्रीवास्तव**

मौके पर मौजूद खण्डवा अपर कलेक्टर दिनेश सांवले से कहा कि चक्काजाम समाप्त करने के लिए हरसूद पुलिस ने हमसे झूठ बोला कि आरोपी अरबाज खान की गिरफ्तारी हो गई है, जबकि उस जिहादी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। इस तरह का झूठ पुलिस प्रशासन के प्रति अविश्वास पैदा करता है। इस स्थिति में गरीब पीड़ित किससे न्याय की गुहार लगाएगा। हमारी अन्य मांगों को लेकर भी दिया गया आश्वाशन असत्य साबित नहीं हो इसलिए इस घटना से जिलाधीश महोदय को अवगत कराने के लिए आएं हैं। अपर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार की किसी भी मांग को नजर अंदाज नहीं किया जायेगा ll उन्हें नियमावली के तहत पूरा किया जाएगा ll

इस ज्ञापन प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रभु जी मसानी , महिला जिला अध्यक्ष किरण पंचोले , तहसील अध्यक्ष सोहन अंकले जी , सतीश सावनेर जी , मंत्री प्रतिनिधि कमल जी खंडेलवाल , नितिन चंदेल,संतोष अलोने , दिनेश कुलपारे , लखन शर्मा , विक्की कायत दीपक वैष्णव , राज परमार , शुभम , अंकित मालवीय , दीपक वर्मा , गौरव वानखेडे यह लोग उपस्थित हुए!!



# शुजालपुर के JNS ग्राउंड की ऐतिहासिक पहल में नगर दीपोंमय हुआ



**सूर्या परमार**

## शुजालपुर -15,000 दीपों से खेल मैदान हुआ जगमग- ऑपरेशन सिंदूर, खेलो भारत और संघ शताब्दी पर बनी अनोखी रंगोलियाँ बनी आकर्षण का केंद्र

शुजालपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी JNS महाविद्यालय के खेल परिसर में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर JNS क्रीड़ा विभाग द्वारा पूरे खेल मैदान को 15,000 दीपों से सजाकर अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। यह दीपोत्सव कार्यक्रम लगातार 10वें वर्ष आयोजित किया गया, जो अब नगर की एक ऐतिहासिक परंपरा बन चुका है। खेल मैदान को छात्रों ने सुंदर रंगोली, भारतीय ज्ञान परंपरा, और विभिन्न विषयों पर आधारित कलात्मक सजावट से जीवंत कर दिया। विशेष आकर्षण रहा "ऑपरेशन सिंदूर", "खेलो भारत", "संघ शताब्दी वर्ष का सिक्का", "वोकल फॉर लोकल" और "दीप माला" पर बनी विशाल रंगोलियाँ, जिन्होंने पूरे मैदान को दिव्यता से भर दिया। कार्यक्रम में देव उठनी ग्यारस के पावन अवसर पर तुलसी पूजन हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति में छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ दीप जलाकर अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का संदेश दिया। इस आयोजन ने न केवल परिसर बल्कि पूरे नगर को दीपोंमय वातावरण में बदल दिया, जहाँ संस्कृति, शिक्षा और खेल का संगम देखने को मिला।

# भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान की निशुल्क पाठशाला है सहजयोग



हमारे जीवन में नियमित ध्यान धारणा की क्या जरूरत है, इस पर जरा सा विचार करें तो हमें स्वयं ही जवाब मिलेगा ईश्वर प्राप्ति के लिए या जीवन में शांति प्रस्थापित हो इसीलिए...सच है। आज आध्यात्मिक ज्ञान की बहुत ज्यादा आवश्यकता है साथ ही, यह भी सच है कि परमात्मा को जानने के जिज्ञासु बहुत कम हैं। धर्मस्थलों में दर्शनार्थ जाने वाले भक्तगणों की तादाद लगातार बढ़ रही है। परंतु अंतर्मन से ईश्वर के दर्शन के आकांक्षी अपेक्षाकृत बहुत कम है। वास्तव में, जो ईश्वर को अपने अंदर महसूस करना चाहते हैं वे साहसी हैं क्योंकि वे अपने अहंकार और क्रोध को परे रखकर ही यह आकांक्षा करते हैं। साथ ही सद्गुणों को अपने चरित्र का हिस्सा बनाने में भयभीत भी नहीं होते हैं। आज लोग यही समझते और मानते हैं कि सद्गुणों वाला व्यक्ति इस समाज में अथाह तकलीफ भोगता है। परंतु ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करने के बाद भय नष्ट हो जाता है, यह हम अनुभव द्वारा ही जान सकते हैं। सहज योग ध्यान एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से हम बहुत सहजता से ईश्वर से एकाकारिता प्रस्थापित कर लेते हैं। भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोगों ने ध्यान योग्य के महत्व को समझा है। ईश्वर के अस्तित्व और शक्ति को वे स्वीकार करते हैं। यहाँ तक कि वैज्ञानिक भी यह मानते हैं कि एक अदृश्य शक्ति है जिससे यह ब्रम्हांड चलायमान है। वो यह समझते हैं कि कभी कभी जहां मानव के सारे प्रयास अर्थहीन हो जाते हैं, वहाँ ईश्वरीय चैतन्य से उस काम को पूर्ण किया जा सकता है। भले ही उन्हें इस चैतन्य की अनुभूति ना हुई हो लेकिन फिर भी अपनी सफलता का श्रेय उस अज्ञात शक्ति देने में वे नहीं हिचकिचाते हैं। कई बार अपनी सफलता पर हम स्वयं हतप्रभ रह जाते हैं कि यह कैसे हुआ जिसके लिए सोचा भी नहीं था, और यही उस शक्ति का अस्तित्व है।सहज योग ध्यान से हमें इस सत्यता का प्रमाण मिलता है। इस शक्ति को सहज योगी अपने ध्यान धारणा के दौरान अनुभव करते हैं। सहज योग केंद्र में प्रवेश करते ही हमें आध्यात्मिक युग में प्रवेश करने का बोध हमें होने लगता है। सहज योग केंद्र एक ही नियम से चलते हैं। पूरे संसार में सहज योग के जितने भी केंद्र हैं, हर जगह ध्यान करने की विधि एक ही है। हमारे अंदर स्थित सूक्ष्म शरीर की तीनों नाड़ियों को संतुलित करने का ज्ञान जो सहज योग के माध्यम से पंच तत्वों को साक्षी रखकर किया जाता है, वह अद्भुत है। हम भूतकाल की वेदनाओं और भविष्य की चिंताओं को बडी सहजता से धरती और आकाश तत्व में विलीन कर पाते हैं। सहज ज्ञान वृहद् है। ध्यान सीखना आसान है। पर सुक्ष्मतम ज्ञान को आत्मसात करने हेतु सहज योग केंद्र से जुड़ना जरुरी है। छोटी से छोटी बातें भी गहन है। चक्रों का शरीर के संपूर्ण तंत्र प्रणाली पर नियंत्रण, चक्रों को संतुलित करने की विधि, और किस बीमारी के लिए किस चक्र पर ध्यान इत्यादि को सीखना ही आवश्यक है। सहज योग में पढाई तो नहीं करनी है परंतु सहज ज्ञान को समझना और आत्मसात करना है, जो कोई भी कर सकता है जिन्हें शब्द ज्ञान नहीं वो भी इसे समझ सकता है। तो आइए इस आध्यात्मिक विज्ञान को सीखने के लिए आपका स्वागत है। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# देवउठनी एकादशी के अवसर पर माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह आयोजन संपन्न हुआ श्री चारभुजा नाथ मंदिर को दीपमालाओं से सजाया गया

दिलीप पाटीदार

दसई। देवउठनी एकादशी के अवसर पर रविवार को नगर में श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में तुलसी विवाह महिला मंडल के तत्वावधान में माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम के विवाह का आयोजन संपंत्र हुआ इस संबंध में जगदीश पटेल ने बताया कि आयोजन में शनिवार को गणेश पूजा की गई हल्दी लगाई गई गन्ने से मंडप बनाया गया एवं मेहंदी से माता तुलसी को सजाया गया जिसके बाद रविवार को सुबह 10 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर से बैंड बाजे के साथ भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का बाना नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया बाने में महिलाएं एवं पुरुष नृत्य करते हुए चले। भगवान शालिग्राम का बाना नगर के अति प्राचीन




तोरण दरवाजा पर पहुंचने पर तोरण दरवाजा समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं भगवान शालिग्राम के बाने का पुष्प वर्षा से स्वागत किया इसके बाद भगवान शालिग्राम के द्वारा तोरण दरवाजे के द्वार पर तोरण मारा गया एवं विवाह आयोजन की रस्म पूरी की गई नगर के विभिन्न मार्गो से बाना वापस श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर पहुंचा जहां पर तुलसी विवाह महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा फूल मालाओं से भगवान शालिग्राम की बारात का स्वागत किया गया दोपहर 2: बजे माता तुलसी भगवान शालिग्राम को विवाह मंडप में बिठाया गया एवं पंडित गजेंद्र पोराणीक एवं पंकज शास्त्री के द्वारा विधि विधान से विवाह आयोजन संपन्न करवाया गया । इसके बाद उपस्थित श्रद्धालु महिला एवं पुरुषों के द्वारा घर में सुख सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। एवं माता तुलसी के विवाह आयोजन में खिंचावनी की।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर पीजी कॉलेज के सभागृह में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। भारत का हृदय – मध्यप्रदेश गान'' ने बांधा समा



धार, मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज के सभागृह में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजी इस संध्या में "भारत का हृदय – मध्यप्रदेश गान" ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और गौरव के भाव से ओतप्रोत कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नूपुर कला केंद्र की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत "मध्यप्रदेश गान" से हुई, जिसमें यह संदेश दिया गया कि "भारत का हृदय है मध्यप्रदेश" — जहां विंध्याचल का भाल है, नर्मदा का कलकल जल जीवनदायिनी बनकर बहता है, शिप्रा का अमृतकुंड है, और महाकाल के तिलक से पावन यह भूमि अपनी अनोखी पहचान रखती है।

इसके बाद कलाकारों प्रगति अग्रवाल, शिवन्या डोड, मानवी डोडिया, गरिमा वर्मा, विधि चौधरी, अर्पिता गौतम, विधि बुंदेला, वेंदिका वड़नेरकर और ईशान श्रीवास्तव ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गूंज से सभागृह कई बार गुंजायमान हुआ। स्थानीय कलाकारों की लोक प्रस्तुतियों ने क्षेत्रीय संस्कृति का सुंदर चित्र प्रस्तुत किया।सीएम राइज स्कूल धार की बालिकाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति "म्हारो प्यारो मध्यप्रदेश" और आदिवासी नृत्य को दर्शकों के खूब सराहा। संगीतमय संध्या को और भावपूर्ण बनाने में गायक कीर्तेश शुक्ला, यश कोशिक शर्मा और उनकी टीम ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने "मेरा मध्यप्रदेश है", "तेरी मिट्टी में मिल जावां " और "जिन्दगी मौत ना बन जाए " जैसे गीतों के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति, मातृभूमि और लोकगौरव का भावपूर्ण चित्रण किया। इस अवसर पर जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तित्वों में पद्मश्री श्री भगवतीलाल राजपुरोहित (प्रख्यात इतिहासवेत्ता और लेखक), अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा, समीर वर्मा, प्रियांशु राजावत, तथा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया एवं श्रेष्ठा सिंह सिसोदिया (कोद, बदनावर) शामिल रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक नीना वर्मा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी, सीईओ अभिषेक चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा बोडाने, पूर्व सांसद छतरसिंह दरबार, चंचल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, लोकगौरव और प्रतिभा का संगम बना यह समारोह न केवल रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा, बल्कि "प्रदेश की आत्मा और गौरव का प्रतीक" बनकर अविस्मरणीय बन गया।

## इंदौर में हिंदू महासभा ने लगाया कड़ा आरोप- "बच्ची के साथ हुए कुकर्म पर फास्ट-ट्रैक कोर्ट से सख्त सजा चाहिए"

अखिल भारत हिंदू महासभा के तत्वाधान में आज राजवाड़े पर भयंकर गूँज उठी। जिला अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर नेहा कंवर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और हिंदू महासभा के ही सदस्य रहे किन्नर समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में धरने पर बैठे और गुहार लगाई कि जिन पर आरोप हैं - राजा हाशमी नामक व्यक्ति के खिलाफ तुरंत और कड़क कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने कमिश्नर, पुलिस और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुए कुकर्म की घटना ने समाज को झकझोर दिया है और आरोपित को फास्ट-ट्रैक कोर्ट के माध्यम से न्याय दिलाकर कड़ी से कड़ी सजा अखिल भारतीय महासभा की मांग के अनुसार मँगवायी जाए। साथ ही आरोपित के घर के सामाजिक व विधिक निवारण की भी माँग रखी गयी है। मंच से ओजस्वपूर्ण संबोधन करते हुए नेहा कंवर ने कहा,"यह कोई सामान्य अपराध नहीं है,यह एक समाज के भविष्य के साथ छेड़छाड़ है। हम शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की मांग कर रहे हैं। हमें चाहिए कि प्रशासन एक फास्ट-ट्रैक सुनवाई कराकर दोषी को दण्डित करे ताकि अगली पीढ़ी सुरक्षित रहे।" प्रदर्शनकारियों ने नारे बाबत लगाए और ज्ञापन में पीड़िता के परिजनों के साथ सुरक्षा, दोषी के विरुद्ध शीघ्र गिरफ्तारियाँ और त्वरित सुनवाई की मांगें लिखी गईं।

धरने में शामिल किन्नर समाज के प्रतिनिधियों ने भी अपनी पीड़ा शब्दों में व्यक्त की और कहा कि अपराध किसी धर्म, समुदाय या पहचान को नहीं पूछता; पीड़ित चाहे कोई भी हो सभी को बराबर सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से सार्वजनिक रूप से जवाब मांगते हुए कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूत लोकतांत्रिक और कानूनी दबाव के साथ आगे भी जाया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें तत्काल फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुक़दमा और त्वरित सुनवाई। आरोपित की सुनियोजित, पारदर्शी और पुख्ता जांच; साक्ष्यों की तेज फोरेंसिक जांच। पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा व मनोवैज्ञानिक सहायता दोष सिद्ध होने पर कानून के अनुसार कड़ी सजा और सामाजिक पुनर्वास के उपाय साथ ही आरोपित के घर के बारे में प्रशासनिक और न्यायिक निर्णय। जांच में पारदर्शिता हेतु स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों को सूचित रखना।

प्रशासन पर टिप्पणी स्थानीय प्रशासन और पुलिस से अब तक कोई आधिकारिक बयान स्थान पर मौजूद नहीं था; ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट समयसीमा में कार्रवाई की माँग रखी। अधिकारियो से उम्मीद है कि केस की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई होगी और उन्हें सार्वजनिक तौर पर जानकारी दी जाएगी ताकि अफवाहों और ग़लतफहमियों से बचा जा सके। कानून और समाज क्या है रास्ता? वक्त है कि अपराधियों के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई हो, मगर यह भी याद रखना जरूरी है कि आरोपों के आधार पर न्यायपालिका की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

# ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है

**श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहज योग ध्यान पद्धति पतन्जलि योग पद्धति के आठ अंगों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा तथा समाधि के सिद्धान्त का अनुमोदन करती है।**

**इसमें आरंभ के चार अंग भौतिक शरीर के सुख एवं रोग क्लेश निवारण के लिये हैं, और शेष चार मन मस्तिष्क एवं आत्मिक सुख का साधन हैं। ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है। ध्यान की अनुभव सिद्धता का आनंद जो कुछ मिनिटों की प्रार्थना से ही लेना गूंगे के गुड़ के समान शब्दातीत है, जिन खोजा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठा।**

सहज योग ध्यान के माध्यम से आत्मा के जागरण के द्वारा आनंद का अमृत जीवन को सींचता है, रोग, शोक, भय, आशंका, पीड़ा सबका नाश हो कर आत्मिक सुख प्राप्त होता है। मनुष्य का कल्याण ध्यान के द्वारा बड़ी सहजता से होता है इसी कारण इसे सहजयोग कहा जाता है। संसार की अनेक सभ्यताएं प्रकाश की आराधना श्रद्धा और समर्पण से करती रही हैं क्योंकि प्रकाश ही परम शक्ति का प्रतीक है जो जीवन को नश्वरता से अमरत्व की ओर ले जाने का प्रेरक आनंद है। सहजयोग की ध्यान पद्धति बड़ी सूक्ष्मता से इस आनंद को हमारे भीतर जगा देती है और हमारे आत्म विश्वास को दृढ़ करती है। आनंद की सर्जना करने वाली माँ हमारे भीतर हैं, और वह ध्यान द्वारा जागृत की जा सकती हैं।भारतीय संस्कृति मातृ शक्ति की उपासक रही है मातृ देवो भव का आदर्श हमारा आधार है। वैदिक काल से ले कर वर्तमान युग तक हम नदी, धरती, गाय, और देश को भी माँ के नाम से पूजते हैं। अथर्व वेद मे उल्लेख है माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र । इस भावना के पार्श्व में गूढ़ ज्ञान विलोपित है। वास्तव में शिव से पृथक शक्ति ही प्रकृति है पाँच तत्वों में यही मातृ शक्ति सूक्ष्म रूप मे जीव का सर्जन करती है। और जीव के जन्म लेने के पश्चात उसकी इच्छा शक्ति (विल पॉवर) के रुप उसके आनंद का सृजन करने को आतुर रहती है उसकी इसी आतुरता को स्वयं के बारे मे जानने की जिज्ञासा को कोऽहम् ?कहा गया।



## ध्यान इसी कः अहम्? की जिज्ञासा का उत्तर है

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणीत सहज योग की ध्यान पद्धति अत्यंत सरलता से इस प्रश्न के उत्तर को अनुभव कराती है। निश्चय ही माँ सृष्टि की आनंद दायिनी सर्जक शक्ति है वही हमारे आत्म बल को बलवत्ता प्रदान करती है इसी लिए हम भारतीय परंपरा से ही शक्ति के उपासक हैं।

सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इंदौर का पंचवर्षीय निर्वाचन निर्विरोध संपन्न




## कलेक्टर के मार्गदर्शन में हुई पारदर्शी प्रक्रिया, निर्वाचित पदाधिकारियों को दिए प्रमाणपत्र

इंदौर। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इंदौर का पंचवर्षीय निर्वाचन गुरुवार को कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी शौर्य मल्होत्रा द्वारा पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से कराई गई तथा निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिला संघ अध्यक्ष भूपेंद्र अडसुरे, उपाध्यक्ष मनोहर मेहता, प्रमोद जाट, रमाकांत शर्मा, महिला उपाध्यक्ष भारती जमदड़, मीना राठौर और सुनीता बागोरा चुने गए। आजीवन सदस्य प्रतिनिधि अनुराग जाट रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश टकलकर, झोन अध्यक्ष गजानन गावडे, समाजसेवी महेश अग्रवाल, आशीष दाणेज, प्रदीप मौठ, कौशल शिवहरे, अंकित चोपड़ा, देवेश जाट, निर्मला दिसोरिया और निर्मला बागोरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सहायक राज संगठन आयुक्त प्रमोद गंगराड़े ने किया।

# आबकारी इन्दौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2025 को *वृत्त सांवेर - त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन tvs rider बाइक MP -09 DK 0527 से अवैध विदेशी मदिरा गाड़ी पर रख के विक्रय हेतु बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी कृष्णा पिता विष्णु चौधरी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 86000/- रुपए है।

आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कैलाशअखंडे , अंकिता लोधवाल , संजय सिंगार एवं वाहन चालक करण का सराहनीय योगदान रहा । इन्दौर की कार्यवाही कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2025 को *वृत्त सांवेर - त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन tvs rider बाइक MP -09 DK 0527 से अवैध विदेशी मदिरा गाड़ी पर रख के विक्रय हेतु बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी कृष्णा पिता विष्णु चौधरी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 86000/- रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कैलाशअखंडे , अंकिता लोधवाल , संजय सिंगार एवं वाहन चालक करण का सराहनीय योगदान रहा ।

# इंदौर के उद्योगपति राहुल गुप्ता ने दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में अभिनेता अपारशक्ति खुराना को सम्मानित किया

रणजीत टाइम्स

मुंबई, भारत  इंदौर के लिए यह गर्व का अवसर रहा जब शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राहुल गुप्ता ने अपने भाई सुमित गुप्ता के साथ प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में शिरकत की। श्री राहुल गुप्ता वर्ष 2022 से इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल के एडवाइजरी बोर्ड सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इस वर्ष आयोजित समारोह में उन्होंने लोकप्रिय अभिनेता अपारशक्ति खुराना को 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता' (Best Comic Actor of the Year) के सम्मान से नवाज़ा।

यह भव्य आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को मुंबई में हुआ, जिसका सीधा प्रसारण ज़ी टीवी और ज़ी5 पर किया गया। समारोह में फिल्म, व्यापार और रचनात्मक जगत की देश-विदेश से कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहीं। राहुल गुप्ता और सुमित गुप्ता पिछले चार वर्षों से लगातार बॉलीवुड कलाकारों को सम्मानित करते आ रहे हैं। राहुल गुप्ता का फिल्म उद्योग से गहरा संबंध रहा है-वे अभिनेता विशाल मल्होत्रा की फिल्म के सह-निर्माता (Co-Producer) भी रह चुके हैं।



मध्यप्रदेश की उद्यमशीलता भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए राहुल गुप्ता ने इस वर्ष समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी प्रदान किया। इस आयोजन में उनकी उपस्थिति ने इंदौर की नई पहचान को उजागर किया-एक ऐसा शहर जो अब सिर्फ स्वच्छता का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत के नवाचार, नेतृत्व और रचनात्मकता का नया केंद्र बनता जा रहा है। राहुल गुप्ता के साथ उनके भाई सुमित गुप्ता, जो कि CoinDCX (भारत का सबसे बड़ा और सुरक्षित क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज) के फाउंडर और सीईओ हैं, भी उपस्थित रहे। दोनों भाई आज उस नई भारतीय पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो नवाचार, नेतृत्व और उद्यमिता को वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रही है। दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 ने एक बार फिर कला, नवाचार और उद्यमिता को एक ही मंच पर जोड़ने का कार्य किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में राहुल गुप्ता की उपस्थिति ने न केवल इंदौर का गौरव बढ़ाया, बल्कि यह भी दर्शाया कि व्यवसाय और सिनेमा का संगम भारत की प्रगतिशील सोच का प्रतीक बन चुका है। यह सम्मान केवल सिनेमाई उत्कृष्टता का उत्सव नहीं, बल्कि इंदौर की प्रेरणादायक उद्यमशील भावना को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का भी प्रतीक है।